तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 30 मई 2026



13 कुर्सी छोड़ जमीन पर बैठे कलेक्टर व अफसर...





14 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति में...






## खबर संक्षेप



### 10वीं-12वीं के मेधावी छात्रों का 31 को होगा सम्मान

**नवापारा-राजिम।** सरकारी अस्पताल परिसर में श्री दक्षिणमुखी सुंदरकांड समिति द्वारा 31 मई रविवार को शाम 5 बजे कक्षा दसवीं-बारहवी के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शहर के वरिष्ठतम चिकित्सक समाजसेवी डॉ बलजीत सिंग, नवापारा टीआई दीपेश जायसवाल,पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, डॉ राजेंद्र गदिया, समाजसेवी अंजू पारख, डॉ पुनित गोस्वामी, डॉ तेजेंद्र साहू, समाजसेवी महेश लालवानी, उमाशंकर देवांगन, बब्रुवाहन यादव, ब्रम्हदत्त शर्मा, केशव सोनकर, नंदकुमार कंसारी, दुष्यंत तारक, राकेश सोनी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में शहर के स्कूलो के प्राचार्य एवं पत्रकारगण विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### तहसीलदार की स्कॉर्पियो का टायर फटा, अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई



**मैनपुर।** नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में बड़ा सड़क हादसा तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टायर फटने से सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बताया जा रहा है कि देवभोग तहसीलदार अजय चंद्रवंशी की गाड़ी है। अचानक स्कॉर्पियो की टायर फटने से यह घटना हुआ जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा टकराई हादसे में चालक को मामूली चोट लगी है जबकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है जानकारी के अनुसार देवभोग तहसीलदार अजय चंद्रवंशी उस समय स्कॉर्पियों वाहन में सवार नहीं थे वे दूसरे वाहन से जा रहे थे। हादसे के बाद कुछ समय के लिए आस पास अफरा तफ़री माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन चालक को सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस मौके पर पहुंचे यह घटना उदंती पुल के पास बताई जा रही है राहत की बात यह रही की इस दुर्घटना मे कोई जनहानी नही हुई और बड़ी दुर्घटना टली।

### साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह 31 मई को

**रसेला।** भक्त माता कर्मा जयंती वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह गौरवमयी कार्यक्रम 31 मई दिन रविवार ग्राम कुडेरादादर में आयोजित किया गया है। परम्पराओं का निर्वहन करते हुए परिक्षेत्र साहू समाज छुरा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साहू वंश की कुल देवी भक्त माता कर्मा जयंती, वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कलश यात्रा, दोपहर 12 से 3 बजे तक भोजन प्रसादी और 3 से 6 बजे तक अतिथि स्वागत, सम्मान और उद्बोधन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे महासमुंद लोकसभा के सांसद रूपकुमारी चौधरी, प्रमुख अतिथि भुनेश्वर साहू पूर्व उपाध्यक्ष, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तितन मंदिर समिति, महेन्द्र साहू,रामूराम साहू,होमन साहू, नारायण साहू,बैसाखु साहू, अध्यक्षता करेंगे प्रवीण साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद सहित सभी समाज के पदाधिकारी और आमंत्रित अतिथिगण मंच पर आसीन होंगे। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन बनने के लिए साहू समाज परिक्षेत्र छुरा ज टे हुए हैं।

# मैनपुर एसएडीओ हटाए गए, लाखों की खाद-दवाई सड़ने के मामले में जांच कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में कृषि विभाग के अधिकारियों की भारी लापरवाही के चलते किसानों को सरकार के द्वारा वितरण करने के लिए लाए गए खाद, बीज, दवा को नहीं बांटा गया और लाखों रूपये का खाद, बीज, दवाई गोदाम में पड़े-पड़े सड़ गया। कई दवाईयों का एक्सपायरी डेट भी निकल गया। इस खबर को हरिभूमि अखबार ने 27 मई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जिसके बाद जिला प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान मे लिया और गंभीर लापरवाही को देखते हुए कार्यालय उप संचालक कृषि गरियाबंद द्वारा 27 मई को आदेश जारी करते हुए मैनपुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घनेन्द्र कुमार ठाकुर को प्रभार से मुक्त करते हुए कार्यालय उप संचालक कृषि जिला गरियाबंद मे कार्य करने के लिए आदेशित किया गया और उनके स्थान पर जागेश्वर नाथ नाग कृषि विकास अधिकारी को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा वहीं आदेश क्रमांक 493 में हरिभूमि अखबार के खबर प्रकाशन के बाद खराब हो चुके खाद दवा के लिए जॉच कमेटी का गठन किया गया है अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीमा करचाम के नेतृत्व मे टीम गठित की गई है जो मामले की जॉच कर प्रतिवेदन सौपेगी ▶▶|शेष पेज 12 पर

खबर का असर

## किसानों में भारी आक्रोश, दोषियों से राशि वसूली की मांग



लापरवाही : मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से शिकायत, कड़े ऐक्शन की तैयारी

गौरघाट में लाखों की सरकारी दवा-खाद और बीज गोदाम में पड़े-पड़े सड़े, कई हुए एक्सपायरी

### राशि वसूली किए जाने की मांग

ज्ञात हो कि मैनपुर ब्लॉक में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भारी मनमानी करते हुए किसानों को मुफ्त में वितरण करने के लिए बड़ी मात्रा में खाद बीज कीटनाशक भेजा जाता रहा है लेकिन इसे किसानों को वितरण न कर गोदामों में डंप कर दिया गया है और वह दवा, खाद, बीज खराब हो गई जिसकी जानकारी लगते ही क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है साथ ही इस मामले में स्थानीय किसानों ने शासकीय सामाग्रियों का नुकसान के लिए जिम्मेदारों पर कार्यवाही करते हुए राशि वसूली किए जाने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया था कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मैनपुर से हमेशा नदारत रहते है और मैनपुर मुख्यालय में निवास नहीं करते जिसके कारण किसानों को योजनाओ का लाभ नहीं मिल रहा है हालंकि खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया और तत्काल कार्यवाही की गई है आगे इस मामले और क्या कार्यवाही होगी यह समय आने पर पता चलेगा या मामला दब जायेगा।

## लापरवाही : गंभीर हालत में राजिम रेफर किया गया युवक, रास्ते में बारोंडा के पास मौत

# सीसी रोड निर्माण के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पाण्डुका स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं मिलने को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। बताया जा रहा है कि घायल युवक को समय पर इलाज नहीं मिल सका, जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ती चली गई। मिली जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान अचानक बिजली तार की चपेट में आने से योगेंद्र पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसके साथी पप्पू साहू, डोमार तारक और भोला वर्मा तत्काल मोटरसाइकिल से उसे पाण्डुका स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय स्वास्थ्य केंद्र में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिसके चलते घायल युवक को तत्काल उपचार नहीं मिल पाया। स्थिति गंभीर होने पर युवक को एंबुलेंस से राजिम अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन बारोंडा के पास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## बाइक से पहुंचे थे अस्पताल, नहीं मिले डॉक्टर



### सुरक्षा उपकरणों की कमी

पाण्डुका स्वास्थ्य विभाग प्रभारी विवेक सिंग ने बताया कि घटना सुबह 8 से 9 बजे के बीच की है और उस समय स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर चंद्रकला चौरे मौजूद थीं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। खुले बिजली तार और सुरक्षा उपकरणों की कमी के कारण मजदूरों की जान जोखिम में बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर डॉक्टर उपलब्ध रहते और प्राथमिक उपचार मिल जाता तो युवक की जान बचाई जा सकती थी।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप

घटना के बाद राजिम अस्पताल में पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। क्षेत्रवासियों ने पाण्डुका स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्यों में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है। साथ ही जल संसाधन विभाग और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि पाण्डुका अंचल में दो दिनों के भीतर हुई दो बड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# 9 दिन बाद 4 नामजद सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज

## हत्या के प्रयास की धारा न जुड़ने से पीड़ित नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर



फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलझर में ग्रामीण बैठक के दौरान हुई मारपीट की घटना में आखिरकार 9 दिन बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस जांच उपरांत ललेश्वर ध्रुव, ढालसिंग ध्रुव, संतूराम ध्रुव, कंचन गोस्वामी एवं अन्य ग्रामीणों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। थाना फिंगेश्वर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक नीलू राम दिवान के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को आवेदक डीहूराम साहू, निवासी फुलझर द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया गया था कि गांव की बैठक के दौरान आरोपियों ने गुट बनाकर गाली-गलौज, धमकी तथा मारपीट की। शिकायत के आधार पर मामले की सूक्ष्म जांच की गई। जांच के दौरान यह प्रमाणित पाया गया कि ग्रामीण बैठक में जमीन विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा हाथ-मुक्का और लाठी-डंडे से मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध क्रमांक 0107/26 दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस जांच में गवाह रूपेश ध्रुव, ईश्वर यादव, महेश तारक, भागीरथी दीवान सहित अन्य ग्रामीणों के कथन भी दर्ज किए गए, जिन्होंने घटना की पुष्टि की है। जांच प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को वैधानिक कार्रवाई हेतु भेजा गया है। इधर पीड़ित डीहूराम साहू ने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि उन पर जानलेवा हमला किया गया था। उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धारा बीएनएस 109/307 जोड़ने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि घटना में उन्हें एवं उनके पुत्र परमेश्वर साहू को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बावजूद पुलिस ने साधारण धाराओं में मामला दर्ज किया है। ग्रामीण क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान यदि गंभीर धाराओं की आवश्यकता पाई जाती है तो आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# 12 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 12 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध नशे के परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गरियाबंद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पारागांव निवासी एक युवक भुतेश्वर रोड से मोटरसाइकिल में अवैध शराब परिवहन ▶▶|शेष पेज 12 पर

# दो बाइकों की आपस में भिड़ंत युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शहर में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व कार्यालय के सामने डाक बंगला के पास हुआ, जहां दो बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि एक युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और पैर में गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन समय पर वाहन नहीं पहुंचने के कारण घायल युवक को निजी वाहन से जिला अस्पताल गरियाबंद पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार होने के कारण शहर में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। बाजार के चलते सड़क पर भारी भीड़ और यातायात का दबाव था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शहर का साप्ताहिक बाजार नेशनल हाईवे किनारे लगने ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ समय पर नहीं मिली डायल 112 और 108 की मदद

# खेत की झोपड़ी में लगी भीषण आग सबमर्सिबल पंप और पाइप खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम तर्रा में एक किसान की खेती के लिए बनाई गई झोपड़ी में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तर्रा निवासी तुलाराम साहू पिता स्वर्गीय भूखुराम साहू की खेत में बनी झोपड़ी बुधवार को अचानक आग की चपेट में आ गई, जिससे झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि उक्त झोपड़ी में खेती-किसानी एवं दैनिक उपयोग की सामग्री रखी गई थी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी झोपड़ी जलकर खाक हो गई। घटना के समय झोपड़ी में रखे 51 नग पाइप, 1 नग स्टार्टर, 1 नग ऑटो बोर, लगभग 45 फीट केबल वायर एवं 3 एचपी का सबमर्सिबल बोर सहित अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित किसान तुलाराम साहू ने घटना की सूचना पाण्डुका थाना में दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग कैसे लगी और इसके पीछे किसी की शरारत है या फिर कोई अन्य कारण। घटना के बाद पीड़ित किसान काफी दुखी एवं परेशान नजर आया। खेती-किसानी के काम आने वाली जरूरी सामग्री जल जाने से ▶▶|शेष पेज 12 पर

## योगेश साहू के शतक से लखौली को दी शिकस्त

# बकली ने जीती रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



बिरकोनी में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बकली-राजिम और लखौली टीम के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में बकली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में लखौली की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बकली की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 165 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से योगेश साहू ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए शानदार 101 रन की शतकीय पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम मजबूत स्थिति में पहुंची। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखौली की टीम ने भी शानदार संघर्ष किया और आखिरी ओवर तक मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। अंतिम ओवर में टीम को जीत के लिए 24 रनों की आवश्यकता थी, लेकिन लखौली की टीम 22 रन ही बना सकी और बकली ने बेहद करीबी मुकाबले में जीत दर्ज कर ली। इस शानदार जीत के लिए पूरे राजिम क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों ने बधाई दी है। पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए योगेश साहू को फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं नागेश साहू को बेस्ट गेंदबाज और दिनेश साहू को सेमीफाइनल का मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

### आखिरी ओवर तक चला रोमांच, 2 रन से चूकी लखौली

166 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखौली की टीम ने भी घुटने नहीं टेके और मैदान पर शानदार संघर्ष का परिचय दिया। लखौली के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवर तक मुकाबले को बेहद रोमांचक बनाए रखा। आखिरी ओवर में लखौली को जीत के लिए 24 रनों की दरकार थी। टीम ने पूरी ताकत झोंकी, लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी वे इस ओवर में 22 रन ही बटोर सके। बेहद करीबी और सांसें रोक देने वाले इस मुकाबले को बकली ने 2 रनों से जीतकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

# श्रीराधाकृष्ण मंदिर में अखंड रामायण पाठ आज और कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के पास सेठ भागीरथ चतुर्भुज अग्रवाल द्वारा नगर को समर्पित 100 वर्ष पुराने श्रीराधाकृष्ण मंदिर में वर्ष भर विविध मांगलिक उत्सव मनाए जाते है, इस वर्ष अधिक माह जिसे भगवान ने अपना पुरषोत्तम नाम दिया था ,इसलिए इसे श्री हरि का माह पुरषोत्तम मास कहा जाता है,इस माह में दान, तीर्थो में स्नान, जप, तप, भागवत, कथा, गीता पाठ, तुलसी पूजन एवं हरि नाम का संकीर्तन करने से सैकड़ो गुना पुण्य प्राप्त होता है अभी नगर में कहीं राम कथा, कही 24 घण्टे का हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का अखंड जाप चल रहा तो कही सुन्दरकाण्ड पाठ, रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है, इसी तारतम्य में श्रीराधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल, ट्रस्टी गोपाल गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि पुरूषोत्तम माह की महिमा को देखते हुए श्रीराधाकृष्ण मंदिर में 24 घण्टे का शनिवार जयेष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को अखंड श्री ▶▶|शेष पेज 12 पर

# शहरी नियोजन सुधारों से निवेश और विकास को मिलेगी नई गति

## भूमि उपयोग, भवन अनुमति और डिजिटल स्वीकृति प्रणाली में होंगे बड़े बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस सुधारों का दायरा अब केवल उद्योग और कर व्यवस्था तक सीमित नहीं रह गया है। अब केंद्र सरकार का फोकस शहरी नियोजन, भूमि उपयोग और निर्माण स्वीकृति प्रक्रियाओं को आधुनिक, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाने पर है। इसी दिशा में केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिवालय द्वारा "अनुपालन कमी और विनियमन में ढील" के तहत राज्यों को महत्वपूर्ण सुधार लागू करने की सिफारिश की गई है। इन सुधारों का उद्देश्य शहरों को अधिक लचीला, निवेश-तैयार और आर्थिक गतिविधियों के अनुरूप बनाना है, ताकि उद्योग, आवास, वाणिज्यिक गतिविधियां और आधुनिक शहरी विकास को नई गति मिल सके। राज्यों को "डिमांड-ड्रिवन भूमि उपयोग प्रणाली" अपनाने की सलाह दी है, "जो प्रतिबंधित नहीं है, वह अनुमति प्राप्त है" के सिद्धांत पर आधारित है। इसके तहत प्रत्येक क्षेत्र में केवल प्रतिबंधित गतिविधियों की "नेगेटिव लिस्ट" तय की जाएगी, जबकि अन्य सभी गतिविधियों को स्वतः अनुमति प्राप्त होगी। इस व्यवस्था से भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल और लंबी प्रक्रियाएं कम होंगी तथा निवेशकों को अधिक स्पष्टता और सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने भी शहरी नियोजन और निर्माण स्वीकृति प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य में छत्तीसगढ़ भूमि विकास




नियम में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा "फ्लेक्सिबल जोनिंग फ्रेमवर्क" को बढ़ावा देते हुए मिश्रित भूमि उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया हुई सरल और डिजिटल

राज्य सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को भी सरल और डिजिटाइज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों तथा उनकी बाहरी सीमाओं से लगे निर्धारित क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ श्रेणियों की भूमि के व्यपवर्तन के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति की आवश्यकता समाप्त की गई है। साथ ही ऑनलाइन सिंगल विंडो प्रणाली, सभी एनओसी को ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ने तथा निर्धारित समय सीमा में स्वीकृति न मिलने पर डिमांड एप्रुवल जैसे प्रावधानों की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

### आवासीय क्षेत्र में ये उद्योग रहेंगे प्रतिबंधित

संशोधित प्रावधानों के अनुसार आवासीय क्षेत्रों में रेड, ऑरेंज, ग्रीन एवं ब्लू श्रेणी के उद्योगों को प्रतिबंधित किया गया है, जबकि वाणिज्यिक क्षेत्रों में केवल रेड एवं ऑरेंज श्रेणी के उद्योगों पर प्रतिबंध रहेगा। उद्योगों का वर्गीकरण छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों से जुड़े कर्मचारियों के लिए अधिकतम 60 वर्गमीटर तक के किफायती आवास निर्माण की अनुमति दी गई है। इसके लिए अधिकतम एफएआर 2.0 तथा 70 प्रतिशत भू-उपयोग की अनुमति होगी। यह उद्योग आधारित किफायती आवास परियोजनाओं को गति देगी।

### भवन स्वीकृतियों में आएगी पारदर्शिता और तेजी

जानकारी के अनुसार भवन निर्माण स्वीकृतियों में देरी को समाप्त करने राज्य सरकार ने निरीक्षण एवं अनुमोदन प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन कर प्लींथ सर्टिफिकेट, कंप्लीशन सर्टिफिकेट और आक्यूपाई सर्टिफिकेट जारी करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नए प्रावधानों के तहत निरीक्षण के चार दिस के भीतर किया जाएगा तथा निरीक्षण रिपोर्ट 48 घंटे में प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही तृतीय पक्ष एजेंसियों के माध्यम से संयुक्त निरीक्षण तथा आर्किटेक्ट आधारित सेल्फ सर्टिफिकेशन व्यवस्था को भी बढ़ावा दिया गया है।

### भवन अनुमति सिस्टम डिजिटल होगा

राज्य सरकार ने भवन अनुमति प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। एएलबीपीएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब ऑनलाइन आवेदन, एकीकृत भुगतान प्रणाली, डिजिटल हस्ताक्षरित भवन योजनाएं, ऑटो-डीसीआर द्वारा स्वचालित भवन परीक्षण, निर्माण प्रारंभ एवं पूर्णता की ई-सूचना तथा डिजिटल आक्यूपाई एवं कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

---

## खबर संक्षेप



### सिंधी पंचायत ने सदस्यों को दी नई जिम्मेदारी

**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बैठक में अध्यक्ष महेश दरयानी, महासचिव बलराम पी. आहूजा एवं कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी की अनुशंसा पर सिंधी समाज की प्रदेश पंचायत में मनोहर चंदनानी को प्रमुख सलाहकार, गौरव मंधानी को सह प्रवक्ता, अमर चंदनानी को सचिव पद से पदोन्नत कर उपाध्यक्ष, राजा संतवानी को उपाध्यक्ष, रतन वल्र्यानी को सचिव, राजू चंदानी व विकास तनवानी को सचिव, सागर खटवानी तथा मनीष आहूजा को सहसचिव का नवीन दायित्व निर्वाहन पत्र मुखीजनों द्वारा सौंपा गया।

### तेलीबांधा तालाब में माता कर्मा या तेलिन दाई की मूर्ति लगाएं : कांग्रेस

**रायपुर।** तेलीबांधा तालाब के पास विनायक दामोदर सावरकर की मूर्ति लगाने के प्रस्ताव का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तेलीबांधा तालाब छत्तीसगढ़ की धरोहर है। छत्तीसगढ़ के लोगों



विशेषकर साहू समाज की भावनायें तेलीबांधा तालाब से जुड़ी हुई हैं। यहां पर नाम भक्त माता कर्मा या तेलिन दाई की मूर्ति लगाई जाए। उन्होंने कहा, जो सावरकर गाय को गौमाता मानने का विरोध करते थे तथा गाय को एक चौपाया जानवर के अतिरिक्त कुछ नहीं मानते थे, उनको भाजपा, आरएसएस जबरिया हिन्दुत्व का पैरोकार बनाती है। सावरकर ने जेल से छूटने के लिए तथा जेल से छूटने के बाद आजादी की लड़ाई का भी विरोध किया था। गांधीजी और कांग्रेस का विरोध करने मात्र के लिए भाजपाई उनको महिमा मंडित करते हैं। उनकी मूर्ति तेलीबांधा तालाब में लगाया जाना गलत है। प्रदेश के सबसे बड़े समाज की भावनाओं का अपमान भी है। उनकी मूर्ति तेलीबांधा तालाब पर लगाये जाने का कोई भी उचित कारण नहीं है। अंग्रेजी सरकार से माफी मांगने वाले, अंग्रेजी सरकार से वजीफा लेने वाले माफीवीर की मूर्ति की जरूरत छत्तीसगढ़ में नहीं है।

---

### भारत माला मुआवजा घोटाला की दोबारा जांच के लिए संभाग कमिश्नर ने बनाई दो टीमें

# पहली जांच में उठे सवाल, नई कमेटी बने महीनाभर बीता, अब तक शुरू हो नहीं पाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर और धमतरी जिले में भारतमाला परियोजना में बड़ा मुआवजा घोटाला हुआ है। इस मामले ने जब तूल पकड़ा, तो शासन के निर्देश पर तत्कालीन संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने जिन किसानों को मुआवजा नहीं या कम मिला तथा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दावा-आपत्तियां मंगाई थीं।

इन आवेदनों के आधार पर चार समितियां बनाकर इसकी जांच कराई गई। जांच के लिए 6 बिंदु भी तय किए गए थे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपी गई। हालांकि इस जांच रिपोर्ट पर विपक्षी दलों के विधायकों ने यह कहकर आपत्ति जताई थी कि कई अहम बिंदुओं पर जांच ही नहीं की गई है, इसलिए इसकी दोबारा जांच होनी चाहिए। इसके बाद अब इस मामले में दोबारा जांच समितियां बनाई गई हैं, जिसे बने हुए माहभर हो चुका है, लेकिन जांच अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### पहली जांच में 40 ग्रामों से आई थी दावा-आपत्ति

संभाग कमिश्नर महादेव कावरे के कार्यकाल में भारत माला मुआवजा घोटाला मामले में 40 ग्रामों से दावा-आपत्तियां आई थीं। इसके अलावा कई शिकायतें भी आई थीं, लेकिन जांच समितियों ने सिर्फ दावा-आपत्ति से संबंधित आवेदनों के आधार पर जांच की थी। यह जांच समितियां 16 जून को गठित की गई थीं। इन समितियों में रायपुर और धमतरी जिले के सक्षम अधिकारी से लेकर विभिन्न तहसील क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल किए गए थे।



फाइल फोटो

### ईडी की एंट्री के बाद कई राज खुल रहे

इधर इस घोटाला मामले में पहले से ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम जांच कर रही है, वहीं जांच में तत्कालीन एसडीओ निर्भय साहू के खिलाफ ईओडब्ल्यू द्वारा की गई एफआईआर के बाद इस मामले में ईडी ने भी एंट्री मारी और प्रदेश के पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, गोपाल गांधी के ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें ईडी को कई अहम जानकारियां मिली हैं। संभावना यह भी है कि ईडी की इस जांच के बाद रायपुर और धमतरी जिले के लिए संभाग कमिश्नर ने अलग-अलग दो टीम गठित की है।

### तीन माह विलंब से पेश की गई थी रिपोर्ट

संभाग कमिश्नर ने चारों समितियों को एक माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे, लेकिन समितियों ने जांच प्रारंभ करने में ही एक महीना से अधिक समय लगा दिया। इसके कारण जांच पूरी करने में लगभग चार माह का समय लग गया। इसे लेकर संभाग कमिश्नर ने भी समितियों पर गहरी नाराजगी जताई थी। जांच पूरी होने के बाद भी इस रिपोर्ट पर कई सवाल उठे। विधानसभा में इस रिपोर्ट पर विपक्षी दल के विधायकों ने अधूरी जांच होना बताया और कहा कि कई अहम बिंदुओं पर जांच नहीं की गई हैं, इसलिए जांच दोबारा किए जाने की मांग की थी।

### अब एक-एक खसरा नंबर भूमि की होनी है जांच

शासन के निर्देश पर तत्कालीन कमिश्नर महादेव कावरे ने अप्रैल 2026 में दोबारा इस मामले में जांच करने के लिए दो समिति गठित की है। इस कमेटी में भी कई सक्षम अधिकारी वहीं हैं, जो पुरानी समितियों में थे। इस बार जांच के लिए पुराने तय 6 बिंदुओं के अलावा अन्य कुछ बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। इसके तहत अब इस परियोजना से प्रभावित सभी किसानों की एक-एक खसरा नंबर की भूमि की भी जांच होगी और यह पता लगाया जाएगा कि जमीन का बटांकन कब और कैसे हुआ।

### कमिश्नर भी बदले पर जांच शुरू नहीं

जांच समिति बने एक माह से अधिक समय हो चुका है। इस बीच रायपुर संभाग के कमिश्नर भी बदल चुके हैं। महादेव कावरे की जगह श्याम धावड़े ले चुके हैं। सूत्रों से पता चला है कि नए कमिश्नर को पदभार ग्रहण किए भी लगभग सप्ताहभर हो चुका है, लेकिन उनके आने के बाद भी समितियों ने जांच शुरू नहीं की है।

### जमीन का बटांकन कब और कैसे इसकी भी जांच

जांच समिति में मैं भी शामिल हूं। पूर्व में हुई जांच आवेदनों के आधार पर की गयी थी। अब परियोजना में प्रभावित हुए किसानों के एक-एक खसरा नंबर जमीन के आधार पर होना है। जमीन का बटांकन कब और कैसे हुआ, इसकी भी जांच की जाएगी।

– रवि सिंह
एसडीएम, अभनपुर

---

## बिरगांव कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों को दिया नियुक्ति पत्र




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेंद्र सोलंकी द्वारा संगठन विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, कांग्रेस पार्टी की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। मजबूत बूथ संगठन के माध्यम से ही पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी नव नियुक्त ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को एवं बूथ अध्यक्षों से जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर संगठन को और सशक्त बनाने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करते हैं। संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाना सभी की जिम्मेदारी है। बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा, कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब, किसान, मजदूर एवं आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर आगामी समय में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

**ये थे मौजूद :** कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पंकज शर्मा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छबी धीवर, सतीश सिंह, सुरेंद्र यादव, राजाराम देवांगन, अविनाश निहाल, मंडल अध्यक्ष ज्वाला गोस्वामी, प्रमोद गौतम, प्रवेश पांडे, शेख बसीर, सुषमा वर्मा, रानी गोस्वामी, पुष्प लता वैष्णव, लूकेश्वरी लखन साहू, वैशाखु सागर, मोहन बंजारे, सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बूथ कांग्रेस अध्यक्ष, मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी और सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्थानांतरण नीति नहीं, शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य के हजारों शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से स्थानांतरण नीति 2026 शीघ्र जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में शासन सहित सामान्य प्रशासन विभाग को एक मांग पत्र प्रेषित किया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए समय-समय पर स्थानांतरण नीति जारी की जाती रही है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र और वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के बावजूद अब तक स्थानांतरण नीति 2026 जारी नहीं की गई है। इसके चलते हजारों शिक्षक और कर्मचारी अपनी पदस्थापना और स्थानांतरण को लेकर अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति में हैं। शिक्षक संघ का मानना है कि यदि सरकार इस विषय पर त्वरित और सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से नीति जारी करती है, तो इससे न केवल हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि शासकीय और शैक्षणिक कार्यों में भी प्रशासनिक गति आएगी।

### पारिवारिक स्थिति का रखें ध्यान

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्थानांतरण नीति के लिए कुछ सुझाव भी सामने रखे हैं। स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, वरिष्ठता, पारिवारिक स्थिति, दिव्यांगता, महिला कर्मचारियों की सहूलियत, गंभीर चिकित्सकीय आधार और दुर्गम क्षेत्रों में सेवा अवधि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट रूप से शामिल करने की मांग की गई है। इसके अलावा भ्रष्टाचार और अनावश्यक देरी पर लगाम कसने के लिए पूरी स्थानांतरण प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन और निष्पक्ष काउंसलिंग के माध्यम से पूरी करने, नीति जारी करने के साथ ही पूरी प्रक्रिया को समय पर संपन्न कराने के लिए एक निश्चित कैलेंडर जारी करने का भी सुझाव संघ की ओर से दिया गया है, ताकि शासकीय कार्यों में गति आ सके।

---

## धान की खेती के बदले औषधीय पौधों की खेती विषय पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान भवन रायपुर में अभनपुर क्षेत्र के किसानों की धान की खेती के बदले औषधीय पौधों की खेती विषय पर कार्यशाला हुई। इस दौरान बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन मे अभनपुर ब्लाक से आए सभी किसानों को शासन की योजनाओं के बारे में एवं औषधीय पौधों से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। बोर्ड द्वारा किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें भ्रमण अध्ययन भी कराएंगे। उपाध्यक्ष श्री शुक्ला ने सभी को निशुल्क औषधीय पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में डीकेएस चौहान , प्रगति पटेल , खेलूराम साहू, रश्मि वर्मा, राघवेंद्र साहू, बिहारी लाल साहू, नेतराम साहू , ईश्वर साहू, रवि वर्मा भटगांव, हीरा वर्मा, यशोदा निर्मलकर, बिहारी लाल साहू , धात्री पाण्डेय व रश्मि पाण्डेय , अहिल्या दुबे एवं अभनपुर क्षेत्र से आए हुए समस्त किसानों ने कार्यक्रम में भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

---

## बैज ने कहा- साय सरकार ढाई साल में ही अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी

### प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं, सरकार लापरवाह बनी हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ढाई साल में ही भाजपा की साय सरकार क्रूर और अत्याचारी बन गयी है। सरकार अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी है। सरकार में बैठे हुए लोग लगातार विपक्ष का दमन करने में लगे हैं। जनहित के काम सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता में नहीं है। प्रदेश के विकास कार्य तथा जनकल्याणकारी योजनाएं ठप हो गयी हैं। कानून व्यवस्था बदतर हो गयी है, अपराध बढ़ गये हैं।



राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, प्रदेश में नगरीय निकायों, पंचायतों के उपचुनाव चल रहे हैं, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही, विपक्ष के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। सूरजपुर जिले के शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव को प्रभावित करने के लिए भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस के चुनाव संचालक जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ आर्म्स एक्ट का झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इसके विरोध में कांग्रेस के साथियों के साथ 26 मई को मैं धरने पर बैठा। 30 घंटे से अधिक धरने के बाद जब गूंगी-बहरी सरकार ने नहीं सुना, तो हमने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया।

### सत्ता का दुरुपयोग कर रही सरकार

उन्होंने कहा, भाजपा को इस बात का अहसास हो गया है कि वह चुनाव हार रही है तो वह सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। प्रदेश में कही भी लोकतंत्र के दमन की कोशिश होगी हमारे कार्यकर्ताओं पर अत्याचार होगा कांग्रेस इस कुचक्र का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा, पिछले एक सप्ताह के अंदर कांग्रेस ने प्रदेश के दो आदिवासी संभागों बस्तर और सरगुजा में भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ बड़ा जनांदोलन छेड़ा।

### वो चाहते हैं विपक्ष का सब गुम जाए

श्री बैज ने मोबाइल चोरी के मामले पर सवाल उठाते हुए कहा, धरमलाल कौशिक का मोबाइल मिल गया, पुरंदर मिश्रा को ठगने वाला गिरफ्तार हो गया. अभी तक मेरा मोबाइल नहीं मिला। उन्होंने कहा, वो चाहते है विपक्ष का सब गुम जाए। सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए है।

---

## समितियों से किसानों को खाद मिलने में देर, डीएपी की कमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर संभाग में सहकारी समितियों से किसानों को खाद मिलने में हो रही देर और नई टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई समितियों में डीएपी की सप्लाई नहीं हुई है। ऐसे बुवाई के समय पर खाद न मिलने से किसान परेशान हैं और उन्हें मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है। कृषि विभाग के अनुसार, रायपुर संभाग के सभी जिलों में समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को उनके रकबे के आधार पर खाद वितरित की जा रही है। कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी समितियां भी सक्रिय हैं।

रायपुर संभाग में खाद वितरण के लिए राज्य सरकार द्वारा खरीफ सीजन के लिए नई खाद वितरण नीति और टोकन प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत समितियों से मिलने वाली खाद की मात्रा और प्रक्रिया में बदलाव किए गए हैं। किसानों की भूमि (रकबे) के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं। छोटे किसानों को एक टोकन में पूरी खाद, जबकि ढाई से पांच एकड़ वाले किसानों को दो से तीन टोकन में खाद दी जा रही है।

---

पेज 11 के शेष...

### मैनपुर एसएडीओ हटाए...

जिसके बाद दोशियो के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की बात कही गई है।

**कार्रवाई की जाएगी-** कृषि विभाग गरियाबंद के उप संचालक चंदन राय ने बताया की खबर प्रकाशन के बाद लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार वरिष्ठ कृषि अधिकारी को तत्काल हटा दिया गया है और उनके स्थान पर जागेश्वर नाथ नाग को वरिष्ठ कृषि अधिकारी मैनपुर का संपूर्ण प्रभार दिया गया है। साथ ही मामले की जॉच के लिए टीम बनाई गई जॉच उपरांत कार्यवाही किया जायेगा।

### 12 लीटर शराब...

कर रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर जांच की। इस दौरान मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक युवक को रोककर पूछताछ की गई। युवक ने अपना नाम देवकरण ध्रुव पिता राम सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी पारागांव थाना गरियाबंद बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक जरकीन और बोतलों में रखी कुल 12 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 2400 रुपये बताई गई है। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त होंडा लिवो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23 एम 9458, कीमत लगभग 40 हजार रुपये, भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### दो बाइकों की...

के कारण हर शुक्रवार यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। बाजार के दौरान सड़क पर भारी भीड़ और वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र से होकर ही संयुक्त जिला कार्यालय का मार्ग गुजरता है। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत समेत विभिन्न शासकीय कार्यालय इसी मार्ग पर स्थित होने के कारण दिनभर अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बाजार लगने के दौरान सड़क पर भीड़ और अव्यवस्था और अधिक बढ़ जाती है। शुक्रवार को हुए सड़क हादसे के बाद एक बार फिर यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में पर्याप्त ट्रैफिक नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि साप्ताहिक बाजार के दौरान यातायात नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि जाम और सड़क हादसों की स्थिति से बचा जा सके।

### खेत की झोपड़ी...

उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसान को उचित सहायता एवं मुआवजा देने की मांग की है। पीड़ित तुलाराम ने क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक से मुलाकात कर अपनी समस्या सुनाई, जिस पर इंद्रजीत महाडिक ने थाना पांडुका फोन कर पूरे मामले की जानकारी ली और तुलाराम को नुकसान हुये सामग्री की मुवाजे दिलाने की बाद कहीं. इस पूरे मामले में पांडुका थाना प्रभारी कृष्ण कुमार जांगडे ने बताया की झोपडी मे आग हो सकता है खार मे लगा था वही आके लगा होगा, बांकी पुलिस जाँच मे जुटी है।


### श्रीराधाकृष्ण मंदिर...

रामचरित मानस का संगीतमय पाठ का आयोजन रखा गया है, जो अखंड अनवरत चलेगा, यह पाठ शनिवार 30 मई प्रातः 11 बजे प्रारम्भ होकर 31 मई को प्रातः 11 बजे सम्पूर्ण होगा, इसके बाद हवन एवं पूर्णाहुति होगी, मंदिर ट्रस्ट ने नगर एवम अंचल के सभी रामायण मंडली, सुन्दरकाण्ड समिति, महिला मानस मंडली एवं सभी धर्मप्रेमियों से इस आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है, साथ ही आयोजन में भाग लेने वाले धर्मप्रेमियों के लिए चाय, भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई है।

---

## तीजन बाई गंभीर हालत में एम्स में, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का एम्स अस्पताल में उपचार जारी है। तीजन बाई को गंभीर हालत में अस्पताल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में भर्ती किया गया है।

प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट (एमआईसीयू) में शिफ्ट किया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। अस्पताल के अनुसार, मरीज की शुरुआती जांच ट्रॉमा इमरजेंसी में डॉ. नमन द्वारा की गई, जिसके बाद उन्हें जनरल मेडिसिन विभाग में डॉ. पीएन वासनिक के निर्देशन में भर्ती किया गया। वर्तमान में तीजन बाई का उपचार बहु-विषयक मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मेडिसिन विभाग की डॉ. प्रणिता, पल्मोनरी मेडिसिन के डॉ. रंगनाथ और नेफ्रोलॉजी की डॉ. नीलम शामिल हैं। एम्स के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. डीके त्रिपाठी भी मरीज के उपचार और स्थिति की नियमित निगरानी कर रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने तीजन बाई की कंडीशन अभी भी क्रिटिकल बनी हुई है। हालांकि बुधवार से तीजन बाई की स्थिति में सुधार है, जब तीजन बाई उपचार के लिए लाई गई थीं, तब उनका बीपी काफी लो था, यूरिन आउटपुट काफी कम था, गुरुवार को दोनों में सुधार है।

## खबर संक्षेप

### हेमू सिन्हा भाजपा सोशल मीडिया जिला सदस्य बने

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद द्वारा संगठन विस्तार करते हुए सोशल मीडिया जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई है। इस कार्यसमिति में हेमू (हेमंत) सिन्हा को सोशल मीडिया जिला सदस्य नियुक्त किया गया है।



जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति तथा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी, जिला संगठन प्रभारी अमित बिमनानी एवं जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखरिया ने नई कार्यसमिति की घोषणा की। हेमंत सिन्हा इससे पहले सोशल मीडिया ब्लॉक संयोजक के रूप में कार्य कर रहे थे। पार्टी के प्रति समर्पण भाव और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें जिला सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम कसडोल में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बलौदा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गोवर्धन भोई निवासी ग्राम कसडोल ने बताया कि 28 मई की रात को वह अपने घर में था, तभी उसके मामा के लड़के वासुदेव प्रधान ने फोन करके बताया कि नारायण प्रधान घर आकर विवाद कर रहा है। जब प्रार्थी वासुदेव प्रधान के घर गया तब आरोपी नारायण प्रधान के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** तुमगांव में महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बोदरा निर्मलकर वार्ड नं0 10 राम सागर पारा तुमगांव ने बताया कि उसके घर की बाडी में आम का पेड़ है, जिसमें लगे आम को बंदर ना खाये सोचकर बाड़ी के बाउंड्री वाल में कांटा को रखा है। जिसका कांटा टूटकर गली में गिर जाता है। जिस पर पड़ोसी लोकेश निर्मलकर 28 मई के करीब 12 बजे उसकी बाड़ी के बगल के गली से गुजरते हुए गाली गलौज करने गा। जब उसने गाली गलौज को लेकर सवाल किया तब आरोपी मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक घायल

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन द्वारा अचानक ब्रेक मार देने से पीछे आ रहा ट्रक टकरा गया, जिससे चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गयाहै। पुलिस को विनय वर्मा निवासी सिरगिट्टी जिला बिलासपुर ने बताया कि उसका स्वयं का 16 चक्का का ट्रक क्रमांक सीजी10 बीएस 3100 है जिसका चालक बलवीर सिंह है।

**// आम सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गणेश्वर साहू, पिता दिनदयाल साहू निवासी डाक बंगला गरियाबंद तहसील व जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम सुन्दरकेरा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 73/5, 75/4 रकबा क्रमशः 0.01, 0.02 हे. भूमि को खातेदार/ विक्रेता शारदा देवांगन पति रमाकांत देवांगन निवासी मकान नं. 143 बिच गली कटगी बलौदाबाजार तहसील व जिला बलौदाबाजार छ.ग. के नाम पर दर्ज है, जिसे दिनांक 22.05.2026 को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका विक्रय पंजीयन शेष है।

उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी भी प्रकार से दावा/आपत्ति हो, तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि के 10 दिन के भीतर, मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, समयावधि पश्चात किए गए दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा। एतद् सूचना जाने।

दिनांकः 29.05.2026

भवदीय,
प्रवीण साहू (अधिवक्ता)
तहसील कार्यालय गोबरा नवापारा,
जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 82690-19006

## सुशासन तिहार : ग्रामीणों ने प्रशासन को घेरा, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और वनाधिकार को लेकर हुई खुली जनचर्चा

# कुर्सी छोड़ जमीन पर बैठे कलेक्टर व अफसर, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ कलेक्टर बोले-जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी कराएंगे मुलाकात

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दुरस्थ वनांचल राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोना में आयोजित सुशासन तिहार आज शुक्रवार को जनआक्रोश और जनसंघर्ष का बड़ा मंच बन गया। क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर हजारों की संख्या में किसान, मजदूर, युवा साथी, महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि एकजुट होकर रैली निकाल नारेबाजी करते शिविर स्थल पहुंचे और शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी आवाज बुलंद किया हजारो लोगो की भीड़ ने एक स्वर मे कहा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद अब तक कोई भी मुख्यमंत्री इस क्षेत्र में नहीं पहुंचे है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आने का निमंत्रण देते हुए जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीणों ने कहा हर बार जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता है लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं होता। इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान मुख्यमंत्री के आने के बाद ही होगा जिस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिलाया है।

### जब कलेक्टर सहित अफसर कुर्सी छोड़ जमीन पर बैठे

ग्राम गोना में शुक्रवार को सुशासन तिहार शिविर के पूर्व से पूर्व क्षेत्रवासी पुराने प्राथमिक मैदान मे हजारो की संख्या में एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में शिविर स्थल पहुंचे। मंच में पहुंचने के बाद क्षेत्र के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना एवं सेवा-अर्जी की गई। इसके बाद ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब समस्याएं जमीन की हैं तो चर्चा भी जमीन पर होगी। न कोई जनप्रतिनिधि मंच पर बैठा और न ही अधिकारी, सभी लोग जमीन पर बैठकर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते नजर आए। गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके साथ जिले के तमाम विभागो के अफसर सुशासन शिविर मे आज पहली बार जमीन मे बैठकर लोगो की समस्याओ को सुना।

**17 प्रमुख आवेदनों पर प्रशासन से मांगा जवाब-** क्षेत्रवासियों की ओर से कुल 17 प्रमुख आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, वनाधिकार, आबादी पट्टा, खाद-बीज, धान खरीदी केंद्र, अधूरे निर्माण कार्य एवं जल जीवन मिशन जैसी गंभीर समस्याएं शामिल रहीं। जिला कलेक्टर ने एक-एक आवेदन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को बुलाकर माइक में जवाब देने कहा कि संबंधित समस्याओं का समाधान कितने दिनों में किया जाएगा। बैठक में वर्षों से लंबित विद्युतीकरण, खराब पड़े सोलर सिस्टम की क्षमता वृद्धि, शोभा हायर सेकंडरी एवं भूतबेड़ा हाई स्कूल भवन निर्माण, भूतबेड़ा-कोकड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र, गरहाडीह में धान खरीदी केंद्र, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य, किसानों को पर्याप्त खाद एवं डीजल, सामुदायिक वन संसाधन पट्टा, वन विभाग द्वारा किसानों को प्रताड़ित किए जाने सहित कई मुद्दों पर प्रशासन को घेरा गया।

**अगर हर काम शासन से होगा तो हमें शासन के मुखिया से मिलाओ -** जनचौपाल के दौरान क्षेत्रवासियों ने सवाल उठाया कि जब अधिकांश मांगों पर अधिकारी बार- बार "शासन स्तर" का हवाला दे रहे हैं, तो फिर क्षेत्र के लोगों को सीधे शासन के मुखिया से मिलवाया जाए। इस पर जिला कलेक्टर ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि, जितने भी आवेदन क्षेत्रवासियों ने दिए हैं, उनमें कुछ जिला स्तर के हैं और बहुतायत आवेदन शासन स्तर के हैं। शासन स्तर के मामलों को शासन तक भेजा जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो सोमवार या मंगलवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर के इस बयान के बाद सभा में मौजूद लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की मांग और तेज कर दी। सुशासन त्यौहार में प्रमुख रूप से जिला के कलेक्टर एसपी डीएफओ सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी के साथ प्रमुख रूप से संजय नेताम जिला पंचायत सदस्य, लोकेश्वरी नेताम जिला पंचायत सदस्य, दैनिक राम मंडावी किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष, पतंग मरकाम जय अंबेडकरवादी युवा संगठन अध्यक्ष, फूलचंद मरकाम जनपद सदस्य, रमूला बाई मरकाम जनपद सदस्य, सुनील मरकाम सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, पूरन मेश्राम, फूलमती बाई नेताम सरपंच अड़गडी, घनश्याम मरकाम सरपंच शोभा, निरबत बाई नेताम सरपंच गोना, दुखिया बाई मरकाम सरपंच भूतबेड़ा दीनाचंद मरकाम सरपंच कोचेंगा, शंकर लाल नेताम सरपंच गरहाडीह सहित क्षेत्र भर के हजारों की संख्या में महिला पुरुष सुशासन त्यौहार में शामिल रहे।

# भेण्डरी के प्रतिनिधिमंडल ने रोहित साहू से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत भेण्डरी के सरपंच प्रतिनिधि मनीष साहू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू से सौजन्य मुलाकात कर ग्राम पंचायत भेण्डरी में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए समस्त ग्रामवासियों की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान कोपरा मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष पोषण लाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष आनंदराम साहू, मोतीलाल साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक रोहित साहू का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं गांव में हुए विकास कार्यों के लिए आभार जताया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गांव में सड़क की समस्या बनी हुई थी, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। नवीन सीसी रोड निर्माण होने से अब ग्रामीणों को सुविधा मिल रही है तथा बरसात के दिनों में भी आवागमन सुगम हो जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण से गांव के विकास को नई दिशा मिली है। सरपंच प्रतिनिधि मनीष साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत भेण्डरी में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से बने सीसी रोड से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। इसके लिए हम सभी ग्रामवासी विधायक रोहित साहू के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं। वहीं कोपरा मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष पोषण साहू ने कहा कि विधायक रोहित साहू लगातार क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# आदिवासियों को वनवासी कहने पर भड़की कांग्रेस ने पुतला फूंककर जताया विरोध





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार शाम को आदिवासी कांग्रेस मैनपुर के बैनर तले जंगी रैली निकाल केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया इस दौरान पुतला को पानी डालकर पुलिस द्वारा बुझाया गया और पुतला जप्त कर लिया। पुलिस और कांग्रेसियो के बीच काफी झुमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई कांग्रेसियो ने बस स्टैंड मे जमकर नारेबाजी किया एवं भाजपा सरकार को तानाशाह सरकार की उपाधि देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव के निर्देशानुसार आदिवासी कांग्रेस मैनपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंची और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहे जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष दुलेंद्र नेगी आदिवासी कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मैनपुर बस स्टैंड में गृह मंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया।

**हम वनवासी नहीं, इस देश की मूल पहचान आदिवासी हैं-** आदिवासी कांग्रेस के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी ने कहा की हम वनवासी नहीं आदिवासी है जल जंगल जमीन हमारा अधिकार है आदिवासी समाज इस देश की मूल पहचान है और उन्हें वनवासी कहना उनकी अस्मिता एवं अस्तित्व का अपमान है। श्री नेगी ने कहा कि आदिवासी समाज के सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की टिप्पणी का पुरजोर विरोध जारी रहेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा आज पूरे देश की जनता मंहगाई से त्रस्त हो गई है पेट्रोल डीजल रसोई गैस की कीमत मे लगाता वृद्धि हो रहा है भाजपा सरकार जनता के साथ छल कर रही है इस मौके पर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारेश्वर नेगी, तनवीर ठाकुर, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, रोहन नेताम, इम्तियाज मेमन, डोमार साहू, घनश्याम यादव, लिकेश यादव, नीरा कपिल, दयाराम यादव, अफजल खान, इमरान खान, भुनेश्वर नेगी, विमल नेगी, खेलन दीवान, दुले"वरी नागेश एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरपंच भीषण गर्मी में स्वयं खड़ी रहकर करा रहीं सफाई



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के गली मोहल्ले चौक चौराहों में बजबजाती नाली और कीचड़ के साथ कचरों के ढेर गंदगी के कारण लगातार मच्छरों की संख्या बढ़ गई है नगरवासी बेहद परेशान हो रहे थे ग्राम पंचायत मैनपुर के महिला सरपंच हनिता नायक पिछले तीन दिनों से भीषण गर्मी में स्वयं खड़े होकर गली मोहल्ले में साफ- सफाई अभियान प्रारंभ करवाया है जिससे नगर के लोगों को आने वाले कुछ दिनों में परेशानियों से निजात मिलेगी। सरपंच हनिता नायक ने बताया कि सभी मोहल्लों में साफ- सफाई करवाई जायेगी। बारिश में नाली जाम हो जाता है भारी परेशानी होती है। उन्होने पूरे नगरवासियों को आह्वान किया है साफ- सफाई में सहयोग प्रदान करें और डस्टबिन में कचरा फेके।

# आंगनबाड़ी केंद्र सुरसाबांधा में बच्चों को बांटे गए आम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी राजकुमार यादव द्वारा बच्चों को मौसमी फल आम वितरित कर खिलाया गया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने खुशी के साथ आम का स्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर हेमलता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता पटेल एवं सहायिका मालती साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि बच्चों को मौसमी फल खिलाने से उनके स्वास्थ्य, पोषण और शारीरिक विकास में लाभ मिलता है। साथ ही उन्होंने राजकुमार यादव के इस सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बच्चों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार एवं नियमित रूप से फल सेवन करने के बारे में भी जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

**प्ररूप-(एक)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं नंदनी माझी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र रूपसिंह मरकाम गाँव/शहर साहेबिन कछार तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ ने अपना नाम नंदनी माझी (पुराना नाम) से बदलकर मनीषा (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
नंदनी माझी

**प्ररूप-(एक)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं भतीजी यशिका दीवान (YASHIKA DIWAN) से (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) चाचा गणेश राम दीवान पिता पंचूराम दीवान, उम्र 35 वर्ष, निवासी- ग्राम देवसरा, पोस्ट-रानीपरतेवा, थाना व तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने भतीजी का नाम. यशिका दीवान (YASHIKA DIWAN) (पुराना नाम) से बदल कर यसिका दीवान (YASIKA DIWAN) रख लिया है।

यशिका दीवान
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

यसिका दीवान
यशिका दीवान
(YASHIKA DIWAN)

**प्ररूप-(एक)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं बुधिया साहू (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र / सुपुत्री पति भगत राम स्वंय का नाम बुधियारिन पति भगत राम, उम्र 77 वर्ष, निवासी-मकान नंबर-28, वार्ड नंबर-09, डागनबाय, तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम बुधिया साहू पति भगत राम (पुराना नाम) से बदल कर बुधियारिन पति भगत राम (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
बुधिया साहू







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महंगाई और बेरोजगारी ने बढ़ाई मुश्किलें : पुष्पा

**कोपरा।** जननेत्री पुष्पा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष व वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेत्री ने कहा की लगातार बढ़ रही डीजल और पेट्रोल की कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। ईंधन के दामों में हो रही बढ़ोतरी का सीधा असर रोजमर्रा



की जरूरतों पर पड़ रहा है। खाद्य सामग्री, सब्जी, किराना, परिवहन और निर्माण सामग्री तक सब कुछ महंगा हो गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। किसान जहां खेती-किसानी के कार्यों के लिए डीजल पर निर्भर हैं, वहीं मजदूर वर्ग बेरोजगारी और महंगाई की दोहरी मार झेल रहा है। पुष्पा साहू का कहना है कि आय कम होती जा रही है और खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है। आम जनता का आरोप है कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। चुनाव के समय जनता को अच्छे दिन और राहत देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की जेब खाली कर दी है। बेरोजगार युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि महंगाई हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है।

### डोमन बने भाजपा सोशल मीडिया सहसंयोजक

**कोपरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोपरा ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य



से संगठन में नए एवं ऊर्जावान युवाओं को जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी क्रम में सक्रिय युवा कार्यकर्ता डोमन साहू को भाजपा मंडल कोपरा का सोशल मीडिया सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को नई ऊर्जा देने वाला निर्णय बताते हुए खुशी जाहिर की। बताया जा रहा है कि भाजपा संगठन अब सोशल मीडिया के माध्यम से गांव-गांव तक अपनी पहुंच मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रहा है, ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और संगठन की गतिविधियों की जानकारी हर वर्ग तक पहुंच सके। भाजपा मंडल कोपरा द्वारा इस बार ऐसे युवाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है जो संगठन के प्रति समर्पित होने के साथ-साथ सोशल मीडिया और जनसंपर्क में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इसी सोच के तहत डोमन साहू को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डोमन साहू की पहचान क्षेत्र में एक मेहनती और ऊर्जावान कार्यकर्ता के रूप में रही है। नई जिम्मदारा मिलन के बाद डोमन साहू न भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं मंडल पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## धरना प्रदर्शन : खाद संकट और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति में जड़ा ताला, चक्काजाम कर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रूपेश साहू के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं और बढ़ती महंगाई को लेकर जोरदार धरना–प्रदर्शन किया गया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान सहकारी समिति का घेराव किया तथा फिंगेश्वर-राजिम मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, मंडल अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारी शामिल हुए।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि खरीफ सीजन से पहले किसानों को पर्याप्त मात्र में खाद और बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।आक्रोशित किसानों ने फिंगेश्वर मुख्यालय के सहकारिता समिति सोसाइटी में ताला जड़ दिए किसानों ने साथ ही पेट्रोल–डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरा गया।





### अवैध वसूली की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इसके बाद राज्यपाल के नाम तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर किसानों और आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। कांग्रेस की प्रमुख 9 मांगें–किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए,शिक्षा विभाग में हुई अवैध वसूली की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि हितग्राहियों को तत्काल दी जाए। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन तत्काल प्रदान



की जाए।घरेलू गैस सिलेंडर की लंबी प्रतीक्षा अवधि कम की जाए।अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए।पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण किया जाए।फिंगेश्वर ब्लॉक में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाई जाए।गरीबों के अधिकारों की रक्षा करते हुए जनहित योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उक्त अवसर पर अमितेश शुक्ल जी के प्रतिनिधि के रूप में पीसीसी डेलिगेट्स मनोज कंदोई एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा सहित जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मंडल एवं सेक्टर के पदाधिकारी के साथ–साथ आसपास क्षेत्र के सैकड़ो किसान शामिल हुए।

# बोर खनन से ग्रामीणों को मिली पेयजल से राहत



**पाण्डुका।** छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम कुम्हरमरा में ग्राम वासियों की मांग पर बोर खनन कार्य किया गया। बोर खनन से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और खुशी जाहिर किया। जिसमें वन सभापति छुरा युवराज साहू के अनुशंसा व वन सभापति जिला गरियाबंद शिवांगी चतुर्वेदी के सहयोग तथा राजिम विधायक रोहित साहू के निर्देश पर पेयजल हेतु यह व्यवस्था किया गया। साथ ही ग्राम के तालाब में रोजगार गारंटी योजना के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। जिसमें ग्राम के मजदूरों को इसका लाभ मिल रहा है व जन प्रतिनिधियों द्वारा तालाब का निरीक्षण भी किया गया जिसने ग्राम पंचायत सरपंच छतेश्वरी हेमंत ध्रुव, पंचगण व ग्रामीण अध्यक्ष दीनदयाल ध्रुव, गोकुल ध्रुव, शिव कुमार साहू, पूरण साहू, हेमंत ध्रुव, गिरवर साहू, रामेश्वर साहू, रुपनारायण ध्रुव, मुरली ध्रुव, कोमल यादव, मिथलेश यादव एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### करकरा सरपंच उपचुनाव 1 जून को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत करकरा में सरपंच पद के लिए उपचुनाव 1 जून सोमवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होगा। उपचुनाव को लेकर गांव में चुनावी माहौल गर्म है। दोनों प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं। सरपंच पद के लिए ग्राम करकरा से राधिका दीवान एवं ग्राम कोरासी से कुमारी बाई ध्रुव ने नामांकन दाखिल कर चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। दोनों प्रत्याशी गांव के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर मतदाताओं को अपनी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्राथमिकताओं से अवगत करा रहे हैं। कुमारी बाई ध्रुव पूर्व में भी सरपंच पद की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव, समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने के साथ विभिन्न विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई थी। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने गांव के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया तथा कई समस्याओं के समाधान हेतु शासन-प्रशासन तक आवाज पहुंचाई। इसी अनुभव और विकास कार्यों को आधार बनाकर कुमारी बाई ध्रुव एक बार फिर चुनाव मैदान में उतरी हैं। वहीं राधिका दीवान भी गांव के विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए जनसंपर्क में जुटी हुई हैं।



# सुशासन तिहार हादसे में घायल बच्चों के बेहतर इलाज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम पंचायत खरहरी में आयोजित सुशासन तिहार 2026 कार्यक्रम के दौरान हुए हादसे में घायल लोगों के बेहतर इलाज और आर्थिक सहायता की मांग को लेकर गरियाबंद जिला सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रभारी सचिव आर. संगीता से सर्किट हाउस में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक सरपंच संघ गरियाबंद के अध्यक्ष कोमल देव ध्रुव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 27 मई को आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान अचानक एक विशालकाय पीपल का पेड़ गिर गया था। हादसे में 7 से 8 लोग घायल हुए थे, जिनमें दो बच्चों को गंभीर चोट आने पर रायपुर रेफर किया गया है। सरपंच संघ ने ज्ञापन में कहा कि घायल बच्चों के परिजन आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। ऐसे में दोनों बच्चों के समुचित उपचार की व्यवस्था कर विशेष सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। प्रभारी सचिव आर. संगीता ने



मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही गरियाबंद कलेक्टर को रायपुर कलेक्टर से समन्वय कर घायल बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि उपचार में कहीं कोताही बरती गई है तो इसकी जानकारी स्वयं लेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन संवेदनशीलता के साथ घायलों के इलाज और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### लुकेश्वरी-थानसिंग की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक

**छुरा।** नगर पंचायत छुरा में अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद की अध्यक्षता में प्रेजिडेंट इन काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पास किए गए। इसके साथ ही राजातालाब महतारी घाट निर्माण, डेड बॉडी फ्रिजर बॉक्स व्यवस्था, थाना परिसर पेवर ब्लॉक, बाजार परिसर पेवर ब्लॉक, सदर रोड एवं अटल परिसर पेवर ब्लॉक, टीना शेड निर्माण, नगर चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरा स्थापना तथा शीतला मंदिर के पास आकांक्षीय शौचालय निर्माण जैसे महत्वपूर्ण जनहितकारी कार्यों पर भी मोहर लगी। बैठक में सभापति राजस्व विभाग चित्तरेखा ध्रुव, महिला एवं बाल विकास सभापति रजनी लहरे, लोकनिर्माण विभाग सभापति बलराज पटेल, स्वास्थ्य विभाग सभापति गरिमा ध्रुव एवं उपाध्यक्ष समीम खान उपस्थित रहे। बैठक में नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

### स्मार्ट मीटर की तेज रीडिंग से जनता परेशान : योगेश साहू

**कोपरा।** अंचल के बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर अब आफत बन गए हैं। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल द्वारा बिना किसी शिकायत के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिल रही है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के पूर्व उपाध्यक्ष



योगेश साहू ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिकांश उपभोक्ताओं की शिकायत है कि मीटर वास्तविक खपत से कहीं अधिक रीडिंग दिखा रहा है। कुछ लोगों का बिल दोगुना, कुछ का तिगुना और कुछ का चार गुना तक बढ़ गया है। इस माह कई लोगों के बिल तीन गुना तक आ गए। योगेश साहू ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है, जिससे उपभोक्ता अपनी वास्तविक खपत जान ही नहीं पा रहे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता का मूल अधिकार है कि वह अपनी सही खपत जाने, लेकिन स्मार्ट मीटर ने यह अधिकार छीन लिया है। पूर्व उपाध्यक्ष ने बताया कि पहले चेक मीटर का प्रावधान था, लेकिन वर्तमान नियम के तहत उपभोक्ताओं से मीटर जांच के नाम पर 1000 से 1500 रुपए तक शुल्क वसूलने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता मीटर में गड़बड़ी की शिकायत करता है तो उसकी जांच निःशुल्क होनी चाहिए। किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

# कांग्रेस ने भारी वाहनों के संचालन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष रामा यादव ने नगर क्षेत्र में रेत परिवहन करने वाले हाइवा एवं अन्य भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं थाना प्रभारी गोबरा नवापारा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर के व्यस्ततम मार्ग गंज रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर रेत से भरे भारी वाहन लगातार गुजर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं व्यापारियों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। नगर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, ऐसे में भारी वाहनों का दिन भर संचालन जनसुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन का ध्यान इस तथ्य की ओर भी आकर्षित कराया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा पूर्व में प्रस्ताव पारित कर सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक नगर क्षेत्र में रेत से भरे भारी वाहनों के प्रवेश एवं संचालन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद नियमों का प्रभावी पालन नहीं हो रहा है। कांग्रेस ने मांग की है कि नगरवासियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक रेत परिवहन करने वाले हाइवा एवं अन्य भारी वाहनों का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 24 घंटे के भीतर इस संबंध में ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो जनहित एवं नगरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने वालो में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, महिला कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद दीपाली राजपूत , पार्षद अजय साहू ,अर्जुन साहू ,हेमंत साहनी ,टिकेश्वर गिलहरे ,सुरेन्द्र साहू ,निर्माण यादव ,मितेश शाह ,विजय तारक ,विक्की साहू ,अजय शर्मा शामिल थे।

### बड़े हादसा का खतरा


प्रतिबंधित समय में शहर के भीतर से गुजर रहे रेत भरे हाइवा

शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन तहसील कार्यालय और थाना पहुंचे। यहां कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिबंधित समय में रेत भरी हाइवा के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब शहर के नागरिक, व्यापारी और दोनों प्रमुख राजनीतिक दल तक इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं, तब आखिर किसके संरक्षण में ये भारी वाहन शहर के भीतर से गुजर रहे हैं? उन्होंने प्रशासन और पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। व्यापारी संगठनों और नागरिकों का भी साफ कहना है कि शहर के व्यस्त मार्गों से भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद होना चाहिए। लोगों का आरोप है कि नियम केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं, जबकि जमीनी स्तर पर रेत परिवहन का खेल बदस्तूर जारी है। अब देखना यह होगा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के विरोध के बाद प्रशासन कितनी गंभीरता दिखाता है? फिलहाल शहरवासियों की निगाहें पुलिस और माइनिंग विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द प्रभावी रोक नहीं लगी तो आंदोलन हो सकता है।

# शीतला मंदिर तालाब में लबालब पानी होने से निस्तारी की समस्या दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत लोहरसी स्थित मां शीतला मंदिर तालाब इन दिनों पानी से पूरी तरह लबालब भरा हुआ है, जिससे गांव के लोगों को काफी राहत मिल रही है। भीषण गर्मी के बीच तालाब ग्रामीणों के लिए निस्तारी का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। गांव के लोग प्रतिदिन यहां नहाने, कपड़ा धोने, पशुओं को पानी पिलाने एवं अन्य दैनिक उपयोग के कार्यों के लिए पहुंच रहे हैं। मां शीतला मंदिर के समीप स्थित यह तालाब धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। सुबह और शाम के समय तालाब के आसपास ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलती है। बच्चे तालाब किनारे खेलते नजर आते हैं, वहीं बुजुर्ग लोग



यहां बैठकर समय व्यतीत करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में पर्याप्त पानी होने से इस वर्ष गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की समस्या का सामना कम करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले गर्मी बढ़ने के साथ तालाबों का जलस्तर कम हो जाता था, लेकिन इस बार तालाब में पर्याप्त पानी होने से लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। गांव के पशुपालकों को भी इसका लाभ मिल रहा है, क्योंकि पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने तालाब की साफ-सफाई एवं संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समय-समय पर तालाबों का गहरीकरण और देखरेख की जाए तो जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। ग्रामीणों ने जल संरक्षण को लेकर लोगों से जागरूक रहने की अपील भी की। ग्रामीणों का मानना है कि गांव के पुराने तालाब केवल जल स्त्रोत नहीं बल्कि सामाजिक, धार्मिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। ऐसे तालाबों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जरूरी है।






# किसान टिटहरी के अंडों से लगाते हैं मानसून के आने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

स्थानीय ग्रामीणों के बीच लंबे समय से एक रोचक मान्यता प्रचलित है कि टिटहरी पक्षी द्वारा दिए गए अंडों की संख्या आने वाले वर्षा के महीनों का संकेत देती है, मान्यता के अनुसार यदि 4 अंडे हों तो अच्छी एवं लंबे समय तक वर्षा होने की संभावना जताई जाती है। हालांकि इस विश्वास का अब तक कोई वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, फिर भी यह लोकज्ञान एवं प्रकृति अवलोकन की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। इस वर्ष क्षेत्र में 4 अंडों का पाया जाना स्थानीय लोगों के बीच चर्चा एवं उत्सुकता का विषय बना हुआ है। किसान नोहर कुंजाम,



सीताराम यादव, डीआर यादव, धनेश राम ठाकुर ने बताया कि लाल चोच और धूसर भूरे रंग के इस पक्षी की आवाज ककर्श होती है,ये पक्षी मानसून से पहले अंडे देता है। ज्यादातर ये पक्षी सुरक्षित जगहों पर ही अंडे देता है, बारिश से पहले अंडे देने की वजह से इन अंडों से गांवों में बुजुर्ग बारिश का अनुमान लगाते हैं। ये परंपरा गांवों में कई पीढ़ियों से चली आ रही है। ये पक्षी कभी पेड पर घोंसला नहीं बनाता है। बुजुर्गो का यहां भी कहना है कि अगर टिटहरी नदी के बीच अंडे देती है, तो उस वर्ष बारिश नहीं के बराबर होगा वहीं अगर ऊंचे स्थान पर अंडे देती है तो मौसम में अच्छी बारिश होती है। यह माना जाता है कि पक्षी को बाढ या पानी भरने का पहले ही आभास हो जाता है। चार अंडे मिलने पर मानसून के चारों महीने जून से सितम्बर झमाझम बारिश का संकेत माना जाता है।

### जिले के स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण 7 को

**महासमुंद।** जिले में संचालित समस्त स्कूल एवं कॉलेज वाहनों के भौतिक निरीक्षण के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 07 जून सुबह 09 बजे से विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूल बसों एवं अन्य शैक्षणिक वाहनों की जांच के लिए अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। सरायपाली क्षेत्र के वाहनों की जांच प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली में, पिथौरा क्षेत्र के वाहनों की जांच सेंट फ्रांसिस स्कूल पिथौरा में, महासमुंद एवं बागबाहरा क्षेत्र के वाहनों की जांच पुलिस लाइन परसदा महासमुंद में तथा बसना एवं सांकरा क्षेत्र के वाहनों की जांच प्रतिभा पब्लिक स्कूल बसना में की जाएगी।